2020-21

3.4.1

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई (जालौन) उ0प्र0, 285001

(सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उ0प्र0)

NAAC ACCREDITED "B" GRADE WITH CGPA 2.61

फोन नं0 : 05162.252214 ई–मेल : dvcoffice11@gmail.com

## वर्ष 2020–21

महाविद्यालय में वर्ष 2020–21 में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गये।

| कार्यक्रम का नाम | आयोजन तिथि | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| स्वतन्त्रता दिवस | 15.08.2020 | 80 |
| गांधी एवं शास्त्री जयन्ती समारोह | 02.10.2020 | 256 |
| विश्व हॉथ धुलाई दिवस | 15.10.2020 | 89 |
| भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म दिवस कार्यक्रम | 21.12.2020 से 23.12.2020 | 381 |
| गणतन्त्र दिवस समारोह | 26.01.2021 | 115 |
| चौरा चौरी शताब्दी समारोह (भाषण एवं रैली) | 04.02.2021 | 514 |
| चौरा चौरी शताब्दी समारोह नाट्य प्रस्तुति | 23.03.2021 | 82 |

Principal
Dayanand Vaidik College Orai
Distt. Jalaun(U.P.)285001

संयोजक
समारोह समिति
डॉ0 राजेश पालीवाल
दयानन्द वैदिक कालेज,उरई

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2020

महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस पर प्रबन्धकारिणी कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ० हरीमोहन पुरवार व प्राचार्य डॉ० तारेश भाटिया ने झण्डा फहराया। समारोह दृश्य–श्रव्य समिति की उपसंयोजिका डॉ० माधुरी रावत ने निदेशक, उच्च शिक्षा से प्राप्त संदेश का वाचन किया जिसमें विशेष रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। माननीय कार्यक्रम अध्यक्ष जी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा बताये देश प्रेम के मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने उपस्थित लोगों से देश के साथ महाविद्यालय के विकास के लिए अपना उच्चतम योगदान देने की अपील की। प्राचार्य जी द्वारा उपस्थित जन समुदाय को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में मिष्ठान वितरण कयिा गया।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती

### 02 अक्टूबर 2020

इस राष्ट्रीय पर्व पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० तारेश भाटिया जी ने झण्डा फहराया। प्राचार्य जी ने उपस्थित जन समूह को गाँधी एवं शास्त्रीजी के बताये रास्ते पर चलने की बात रखी। कार्यक्रम का संचालन डॉ० माधुरी रावत असिस्टेण्ट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग ने किया इसके बाद प्रशासनिक भवन के कार्यालय में महाविद्यालय की परम्परानुसार हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० तारेश भाटिया एवं शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहभाग किया। कार्यक्रम के अन्त में मिष्ठान वितरण किया गया । इस पावन अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धकारिणी कमेटी के उपाध्यक्ष डा० हरीमोहन पुरवार जी के अद्वितीय संग्रह की प्रदर्शनी पुस्तकालय के सभागार में 09 बजे प्रारम्भ हुई। इस प्रदर्शनी का उद्धघाटन अपर जिलाधिकारी श्री पी० के० सिंह जी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में लगे सिक्का, डाक टिकट एवं चित्रों को देखकर सभी महानुभावों ने देश प्रेम की प्रेरणा ली और संग्रह की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शनी का आनन्द लिया।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति

7.1

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2021

महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्रबन्धकारिणी कमेटी के अवैतनिक मंत्री डॉ० देवेन्द्र कुमार जी ने झण्डा फहराया। इस अवसर पर माननीय अवैतनिक मंत्री जी ने केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की एवं गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा उपस्थित प्रबन्धकारिणी कमेटी के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर उसके निर्माण में अपना–अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात की ताकि हम विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो सकें एवं महाविद्यालय के विकास के लिए निरन्तर कार्य करते रहें। प्राचार्य श्री राजन भाटिया ने इस अवसर पर देश के वीर सपूतों को याद करते हुए महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में कम्प्यूटर, इन्टरनेट एवं स्मार्ट कक्ष के विस्तार की बात रखी। उच्च शिक्षा निदेशक से प्राप्त संदेश का वाचन डॉ० माधुरी रावत ने किया। इस संदेश में शासन से उ०प्र० के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये गये प्रयासों को सम्मिलित किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ० राजेश पालीवाल ने किया। कार्यक्रम के समापन पर मिष्ठान का वितरण किया गया।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म दिवस कार्यक्रम

शासन के पत्र संख्या–5706/सत्तर–3. 2020 उच्च शिक्षा अनुभाग–3 दिनांक 17 दिसम्बर 2020 के अनुसार महाविद्यालय में 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2020 तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिनांक 22/12/2020 को निबन्ध प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के विषय 1. व्यक्ति के जीवन धर्म एवं राष्ट्र की भूमिका 2. नया युग नई चुनौतियाँ रोजगार की नई संभावनायें 3. मिशन शक्ति की सफलता के विभिन्न आयाम थे। इसमें छात्रा प्रगति, एम.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, जबकि छात्रा प्रगति मिश्रा, बी. ए. प्रथम वर्ष तथा छात्र अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने संयुक्त सत्र से द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान छात्रा नेहा, बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। दिनांक 22/12/2020 को कार्यक्रम में ऑन लाईन काव्य पाठ का भी आयोजन किया गया। जिसमें विवेक कुमार अमित कुमार, प्रियंका, नेहा राजपूत, श्रद्धा, वर्षा, राज आदि ने स्वरचित काव्य पाठ किया।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति

Gmail

Dayanand Vedic College Orai <dvcoffice11@gmail.com>

# Programmes Details and results with photograph.

1 message

Dayanand Vedic College Orai <dvcoffice11@gmail.com> Thu, Jan 7, 2021 at 4:21 PM
To: ayodhyaresearchprogramme@gmail.com

Sir,
With reference to your letter no. 5706/सतर-3-2020 dated 17-12-2020, I am sending details of all Programmes organised by Dayanand Vedic College, Orai on the occasion of Bharat Ratan Atal Bihari Bajpai Janam Diwas celebration (21st - 25th December 2020)

With regards

Principal
Dayanand Vedic College, Orai (Jalaun)


**11 attachments**




**IMG-20201224-WA0006.jpg**
65K



**IMG-20201224-WA0008.jpg**
99K



**IMG-20201224-WA0007.jpg**
106K



**IMG-20210107-WA0093.jpg**
106K

**IMG-20210107-WA0092.jpg**
303K

# Dayanand Vedic College,Orai
# Bharat Ratan Atal Bihari Bajpeyi Jayanti
## Essay Competition

Date:- 22/12/2020

### Candidate List

1. Sunaina Sarsaiaya
2. Anirudha Pratap Singh
3. Trapti Gupta
4. Raghvendra Singh
5. Neha
6. Pragati Pandey
7. Prince saini
8. Sonika
9. Ravindra Kumar
10. Anupama
11. Kiran Yadav
12. Raj
13. Sonali Sharma
14. Ravi Shankar Tiwari
15. Sakshi Chauhan
16. Atul Kumar
17. Anjali Bhatia
18. Vipul Dixit
19. Gaurav Prajapati
20. Lovely Parihar
21. Mithlesh
22. Shubham Dubey
23. Soniya Chaudhary
24. Mani Gautam
25. Ankur Batham
26. Narendra Kumar
27. Pradyuman Kumar
28. Varsha Devi
29. Amit Shringirishi
30. Pragati Mishra
31. Priyanka Verma
32. Shraddha
33. Amit Kumar

Convenor
Samaroh Drashya shravya Samiti

# अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर हुई प्रतियोगिता



# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म दिवस कार्यक्रम

शासन के पत्र संख्या–5706/सत्तर–3. 2020 उच्च शिक्षा अनुभाग–3 दिनांक 17 दिसम्बर 2020 के अनुसार महाविद्यालय में 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2020 तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत दिनांक 23/12/2020 को चित्रकला/पोस्टर प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्रा तान्या निगम बी. ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर छात्रा आकांक्षा यादव बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर छात्रा सुषमा बी.ए., द्वितीय वर्ष रही। इस कार्यक्रम में 22 छात्र/छात्राओं ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के प्रति अपनी कल्पना को चार्ट पेपर पर उकेरा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्रओं ने प्रतियोगिता का परिणाम आने के बाद चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति


# दयानंद वैदिक महाविद्यालय, उरई (जालौन)

## अटल जयंती - 25 दिसंबर

के अवसर पर

# चित्रकला / पोस्टर प्रतियोगिता

नाम- Tanya Nigam कक्षा- B A I




## दयानंद वैदिक महाविद्यालय, उरई (जालौन)

**अटल जयंती - 25 दिसंबर**

**के अवसर पर**

# चित्रकला / पोस्टर प्रतियोगिता

**नाम-** आकांक्षा यादव **कक्षा-** B.Sc. II



# दयानंद वैदिक महाविद्यालय, उरई (जालौन)


## अटल जयंती - 25 दिसंबर



के अवसर पर

## चित्रकला / पोस्टर प्रतियोगिता

नाम- Sushma 14/20 कक्षा- B.A II



# Dayanand Vedic College,Orai

# Bharat Ratan Atal Bihari Bajpeyi Jayanti

## Art/Poster Competition

Date:- 23/12/2020

### Candidate List

1 Amit Kumar

2 Anupriya Tripathi

3 Ankit Kumar

4 Muskan

5 Sushma

6 Huzela Alam

7 Shivani Verma

8 Akanskha Yadav

9 Mithlesh Kumar

10 Narendra Kumar

11 Princi Saini

12 Priyanka Sanjay

13 Akanksha Yadav

14 Raj

15 Tanya Nigam

16 Shivi Soni

17 Shraddha

18 Varsha Devi

19 Uzma Parveen

20 Jeetendra Kumar

21 Neha Rajpoot

22 Sonika

Convenor
Samaroh Drashya shravya Samiti

# दयानंद वैदिक कॉलेज उरई जालौन ( उत्तर प्रदेश )
## इतिहास विभाग
## (विवेकानन्द जी के विचारों की प्रासंगिकता)
तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता

दिनांक 7 जनवरी 2021 को प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय परिसर में इतिहास परिषद की ओर से "विवेकानन्द जी के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर एक तत्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विभाग प्रभारी डॉ० मंजू जौहरी की अध्यक्षता में प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द जी एक, आदर्श पुरुष थे एवं युवाओं के लिए हमेशा से ही प्रेरणा स्रोत रहे हैं | कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अलाउद्दीन शाह के द्वारा दिया गया |

प्रतियोगिता में स्नातक एवं परास्नातक के निम्नलिखित छात्र / छात्राओं ने प्रतिभाग किया : -

1.शिवम झा ( M.A.II )
2.अलिजा फरक ( M.A.II )
3.रजत गुप्ता ( M.A.II )
4.दीपा पाठक ( M.A.I )
5.प्रियंका वर्मा ( M.A.I )
6.राहुल ( B.A.III )
7. सूर्यांश ( B.A.III )
8. आभा गुप्ता ( B.A.III )

for [signature]
विभाग प्रभारी
इतिहास विभाग
दयानन्द वैदिक कॉलेज
उरई, जालौन

5.3.3

# 'Report of Cultural Programme' 2020-2021

'उमंग उत्सव'

दिनांक 23 मार्च 2021 को 'उमंग उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राम प्रताप जी उपस्थिति में सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् सरस्वती वंदना मीनू देवी व रश्मी सिंह ने प्रस्तुत की फिर भारत की एक झलक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें जम्मू कश्मीर राज्य का लोक नृत्य, दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडू व केरल एवं पूर्वी राज्य अरूणाचल व असम के लोकपरम्परा के नृत्य पश्चिमी राज्य गुजरात के लोकनृत्य सुनैना, विपुल, अंजलि, विजय तिवारी, किरन, मंगेश, जयन्ती मिथलेश आदि ने प्रस्तुत किये। उसके बाद गोंय नृत्य में गोवा राज्य की संस्कृति अंजलि भाटिया ने प्रस्तुत किया। फिर चौरा–चौरी जानाक्रोश पर सुंदर एवं शानदार नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें नाट्य रूपांतरण में अनीश कुमार पाण्डेय ने प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया तथा विपुल दीक्षित, अंकुश यादव, अजीत कुमार, असद खान, राघवेन्द्र सिंह, सुशील पाण्डेय, नरेन्द्र पाल आदि ने नाटक में किरदार के रूप में भूमिका प्रस्तुत की। उसके बाद मां तुझे सलाम देशभक्ति गीत पर बी0एड0 के प्रद्युम्न, शैलेन्द्र, विपुल, धीरेन्द्र आदि ने बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया तथा अंजलि गुप्ता ने घूमर नृत्य (राजस्थानी नृत्य) का बहुत शानदार प्रस्तुतीकरण किया, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मंगेश, रवि राठौर, विपुल ने भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का कुशल संचालन विभाग की प्रवक्ता श्रीमती शशि तिवारी ने किया। विभाग प्रभारी डॉ0 राजेश पालीवाल ने स्वागत उद्बोधन के साथ–साथ सभी विद्यार्थियों के कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा व उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ0 राम प्रताप जी ने सभी का उत्साह वर्धन किया तथा कहा ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविकास व सम्पूर्ण विकास में सहायक होते है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे।

23/03/21

HEAD
Dept. of Teacher Education
Dayanand Vedic College, Orai

3.4.1
5.3.3

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## चौरी चौरा शताब्दी समारोहः

चौरी चौरा शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में दिनांक 04 फरवरी 2021 को एक भव्य आयोजन किया गया। कोरोना काल की गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए सर्वप्रथम महाविद्यालय के समारोह स्थल पर प्राचार्य जी एवं शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ० राजेश पालीवाल ने चौरी चौरा की ऐतिहासिक घटना एवं वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ० माधुरी रावत ने किया। कार्यक्रम के अगले चरण में शहीदों के स्थलों पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्राचार्य श्री राजन भाटिया ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में.एन.सी.सी. एन. एस. एस. व रोवर रेंजर के कार्यक्रम अधिकारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सर्वप्रथम इलाहाबाद बैंक के आगे बढ़ते हुए माहिल तालाब पर गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण हुआ तत्पश्चात यह रैली भगत सिंह चौराहे की ओर गई। फिर गाँधी चबूतरा पर देश भक्ति के नारे एवं गीत गाये गए। तत्पश्चात शहीद भगत सिंह चौराहे पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं श्रृद्धा सुमन अर्पित किये फिर यह विद्यार्थियों और प्राध्यापकों का समूह देशभक्ति के वातावरण से मुख्य सड़क को अभिसिंचित करता हुआ वापस आकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर सम्पन्न हुआ। 23 मार्च 2021 को सेमिनार हॉल में बी०एड० के विद्यार्थियों द्वारा चौरी चौरा की घटना पर अभूतपूर्व नाट्य प्रस्तुत किया। इसकी शुरुआत गीत, कुर्बानियों का डर नहीं, अब बस दिलों में आग है। हम मिटाकर रहेगें, जो देश पर दाग है से हुई। इस नाट्य प्रस्तुति में राघवेन्द्र सिंह, अनीश, मनमोहन,अजीत,असद,विपुल,अभिषेक,विजय,नरेन्द्र, मंगेश आदि बी०एड० प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की भूमिका सराहनीय रही। उपस्थित जन समुदाय ने प्रस्तुति की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राध्यापकों, प्राचार्य जी तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति के भाव के साथ देखा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यार्थियों को स्वलपाहार वितरित किया गया।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति

# दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

## विश्व हाथ धुलाई दिवस

दिनांक 15/10/2020

उ०प्र० शासन की मंशानुसार 15 अक्टूबर 2020 को विश्व हाथ धुलाई दिवस पर 12.00 बजे से बेबिनार महाविद्यालय में आयोजित किया गया। बेबिनार का विषय 'सभी के लिए हाथ स्वच्छता (Hand Hygiene for all) था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० तारेश भाटिया जी ने कोरोनाकाल में हाथों की स्वच्छता के महत्व को बताया। डॉ० राजेश पालीवाल ने दिन प्रतिदिन के जीवन में हाथों की स्वच्छता से विभिन्न रोगों से बचने की बात रखी क्योंकि 90 प्रतिशत बीमारियाँ संक्रमित हाथों से होती है। डॉ० रश्मि सिंह ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से हाथों की स्वच्छता से विश्व एवं भारत में फैलने वाले रोगों और इनसे बचने के लिए महत्वपूर्ण बातें बतायी। कार्यक्रम का संचालन डॉ० माधुरी रावत ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ–साथ विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। इस अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर साबुन बैंक की स्थापना की गई। साबुन बैंक के माध्यम से उरई नगर की मलिन बस्तियों में प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा साबुन वितरित किये गये।

संयोजक

समारोह दृश्य–श्रव्य समिति